अर्थव्यवस्था में छठे से दूसरे स्थान पर पहुंचा यूपी : सीएम

लखनऊ की 1710 करोड़ की योजनाओं के लोकार्पण-शिलान्यास कार्यक्रम में बोले मुख्यमंत्री

लखनऊ। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को लखनऊ की 1710 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। इससे पहले सीएम ने शहर के विकास से जुड़ी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में जब चीन से निवेशक भाग रहे थे तो यूपी में इन्वेस्टमेंट हुआ।

योगी ने कहा कि पिछले 14 साल में प्रदेश नीचे गया है, यहां का नौजवान पहचान के लिए तरस रहा है। पहले हर तीसरे दिन प्रदेश में एक दंगा होता था, जिसमें लोगों की जान भी जाती थी और संपत्तियों का भी नुकसान होता था। लोग अपने व्रत त्यौहार और पर्व भी ठीक से नहीं मना पाते थे। लेकिन, अब वह सब बंद हो गया। प्रदेश में भाजपा की सरकार आने के बाद तेजी से विकास हुआ है। प्रदेश व्यवसाय की सुगमता के लिहाज से दूसरा सबसे अच्छा राज्य है जबकि चार साल पहले यह 12वें स्थान पर था। सीएम ने कहा कि अर्थव्यवस्था में अपना प्रदेश छठे स्थान से दूसरे स्थान पर पहुंचा है। 6000 करोड़ से अधिक का निवेश हो चुका है। अब पीएम मोदी के मार्गदर्शन ने वन ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। उपमुख्यमंत्री केशव मौर्य और डॉक्टर दिनेश शर्मा ने भी शहर के विकास को लेकर मुख्यमंत्री और रक्षा मंत्री की सराहना की। ब्यूरो

दो अक्षर का योगी नाम सुनते ही बढ़ जाती है अपराधियों के दिल की धड़कन

सांसद राजनाथ सिंह ने कहा दो अक्षर का योगी नाम सुनते ही अपराधियों के दिल की धड़कन बढ़ जाती है देश के प्रधानमंत्री मोदी का नाम भी दो अक्षर का ही है। योगी और मोदी की जोड़ी से देश और प्रदेश आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा किसी भी देश और प्रदेश को चलाने के लिए उसकी कानून व्यवस्था का बेहतर होना बहुत जरूरी है।

होर्डिंग पर अटल की फोटो न होने से भावुक हुए राजनाथ

अपने संबोधन के बीच में राजनाथ ने कार्यकर्ताओं और पार्टी नेताओं की ओर इशारा करते हुए कहा कि एयर पोर्ट से कार्यक्रम स्थल तक तमाम होर्डिंग रास्ते में दिखे मगर किसी पर भी अटलजी की फोटो नहीं थी। करीब दो महीने पहले भी जब वह एक कार्यक्रम में आए थे तब भी यही स्थिति दिखी थी। ऐसा नहीं होना चाहिए। अब लखनऊ में विकास को लेकर जो भी होर्डिंग लगे उस पर अटलजी का चित्र जरूर होना चाहिए।